# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

## मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को किया सम्बोधित, कहा–सरकार हाल के पेपर लीक की घटनाओं की जांच करने और दोषियों को दंडित करने के लिए प्रतिबद्ध।
- नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की कार्रवाई तेज, हजारीबाग में ओएसिस स्कूल के प्राचार्य से लगातार पूछताछ जारी, बिहार में दो गिरफ्तार।
- जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत 12 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ायी गयी।
- झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स की बदहाली पर स्वास्थ्य सचिव और रिम्स निदेशक को किया तलब।
- राज्य में 29 जून से मानसून पकड़ेगा रफ्तार, मौसम विभाग ने 30 जून को पूरे राज्य में बारिश का जताया पूर्वानुमान, इस माह 20 जिलों में 60 से 90 फीसदी तक कम वर्षा।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए देश भर में ठोस कदम उठाना महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार आगामी संसद सत्र में अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है, यह उसकी दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा।

**साउंड बाइट–राष्ट्रपति–33 सेकेंड**

***************

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन दोनों आरोपियों को बिहार के पटना से हिरासत में लिया गया। नीट–यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले की अधिकारिक तौर पर सीबीआई जांच कर रही है।

***************

इधर सीबीआई की टीम नीट पेपर लीक मामले की जांच के लिए हजारीबाग में कैंप कर रही है। ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक कल से ही सीबीआई की कस्टडी में हैं। उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। सीबीआई की टीम प्राचार्य एहसान उल हक को आज एक बार फिर स्कूल लेकर पहुंची थी, जहां उनसे करीब दो घंटे तक पूछताछ की गयी। बाद में जांच टीम उन्हें फिर से चरही गेस्ट हाउस ले गयी। गेस्ट हाउस में भी प्रिंसिपल से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक गेस्ट हाउस में सात अन्य लोगों से भी सीबीआई के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। बताया जाता है कि सीबीआई को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिन्हें क्रास चेक किया जा रहा है।

***************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आज रांची स्मार्ट सिटी परिसर में एक निजी मेडिकल अस्पताल की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्यवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में राज्य में निजी अथवा पीपीपी मोड पर कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुलेंगे, जिसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा।

***************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल और कौशल कॉलेज के 31 छात्र–छात्राओं के बीच नियुक्ति पत्र प्रदान किया। झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने छात्र–छात्राओं को भरोसा दिलाया कि उनके कौशल विकास के सदुपयोग करने और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार कृत संकल्पित है।

***************

रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने आज बड़गाई अंचल के आठ दशमलव चार छह एकड़ जमीन घोटाले के आरोपी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया।

***************

पलामू जिले में आज से मातृ शिशु स्वास्थ और पोषण माह शुरु हो गया है। इस सिलसिले में एमआरएमसीएच स्थित मातृ और शिशु केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों के बीच हेल्थ सप्लीमेंट का वितरण किया गया। साथ ही कुपोषित बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रजी अहमद ने कहा कि झारखंड को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए यह पहल की गयी है।

***************

राज्य के सबसे बड़ी सरकारी अस्पताल रिम्स में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने कल राज्य के स्वास्थ्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव और रिम्स के डायरेक्टर को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

***************

कोडरमा जिले में बढ़ रहे साइबर अपराध के मामलों को देखते हुए पुलिस न सिर्फ कार्रवाई कर रही है, बल्कि इसके प्रति सचेत रहने के लिए लोगों को जागरूक भी कर रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**साउंड बाईट–गजेंद्र बिहारी सिन्हा, कोडरमा–46 सेकेंड**

***************

स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों ने आज अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर रांची में राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया और उपवास रखकर मांगे पूरी करने पर जोर दिया। स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों का कहना है कि उनकी स्थिति दयनीय है लेकिन सरकार की ओर से उन्हें कोई सहायता नहीं मिलती है।

***************

रांची में सेना में बहाली के लिए 27 जुलाई से 10 अगस्त तक भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इस सिलसिले में आज रांची में सदर अनुमंडल पदाधिकारी और अपर जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में डायरेक्टर रिक्रूटिंग और भर्ती संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बाद में कर्नल विकास भोला ने कहा कि रांची जिले के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना उनका लक्ष्य है।

***************

राज्य में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गयी है। मौसम विभाग ने 29 जून से इसकी सक्रियता बढ़ने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि 30 जून को पूरे राज्य में बारिश का अनुमान है। उन्होंने यह भी कहा कि जून महीने में 20 जिलों में अबतक 60 से 90 फीसदी तक बारिश कम हुई है।

***************

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से हजारीबाग में जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में आज जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय ने इसका शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में सभी 16 प्रखंडों के बालक–बालिका अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

**********समाप्त**********